॥ ऋतुसंहार ॥

॥ श्रीमहाकवि कालिदास कृत ॥

जिस का अनुवाद

श्रीमद्विजय राघव गढ़ के राजा के पुत्र

श्रीजगमोहन सिंह ने भाषा छंदों में

किया औ छपवाया ॥

कलकत्ता

सत्ययंत्र छापेखाने में

प्रिण्टर श्रीमहेन्द्रनाथ सरकार के प्रबन्धसे

छपी

॥ संवत् १९३३ ॥

श्रीसच्चिदानन्दमूर्त्तये नमः ।

ऋतुसंहार ।

श्रीमहाकवि कालिदास कृत ।

जिसका अनुवाद

श्रीमद्विजयराघवगढके राजाके पुत्र

श्रीजगमोहन सिंहने

भाषा छन्दोंमे किया ।

THE

RITU-SAN̆HÂRA.

OR

THE ASSEMBLAGE OF SEASONS

by

KÂLI-DÂSA

TRANSLATED FROM
THE ORIGINAL SANSKRIT INTO HINDI VERSE

BY

THÂKUR JAGA MOHAN SIN̆HA
SON OF THE LATE CHIEF OF BIJAYA-
RAGHOGARHA JABULPUR, CEN-
TRAL PROVINCES

PRINTED AND PUBLISHED AT THE CALCUTTA
SATYA PRESS.
1876

ADVERTISEMENT.

The urgency of some of my dearest friends has led me to translate the "Ritu-Sanhâra" or the "Assemblage of Seasons"—a short descriptive poem by Kâli-dâsa—into Hindi verse. My friends, who had seen the earlier portion, advised me to complete the work, but owing to my bad health and want of leisure, as a college student, I was obliged to put off its completion from time to time, till the best opportunity possible presented itself, the winter vacation of the college, which last year fortunately extended to four weeks, commencing on the 7th December, 1874.

I availed myself of this and strove hard to finish the translation before the re-opening of the college. God helping me, the work came to an end. I was so delighted at the consummation of my task that I could not refrain from celebrating it by inviting my friends to an entertainment.

Every one will remember the joy with which he has viewed the accomplishment of a piece of work in which he has been long interested and engaged. I translated this "Ritu-Sanhâra" when the holidays of college occurred. It would have, in the ordinary course of things, appeared in June or July 1874; but, simply owing to my

absence from this station for Maihar and Jabalpur, for the purpose of an interview with my cousin, the Raja of Maihar and other members of my family I could proceed no further in my task.

1875. J. M. Sinha.

INTRODUCTION.

The "Ritu-Sanhâra" or the "Assemblage of Seasons" has been translated from the original Sanskrit into Hindi verse, and is now offered to the public in quite a new dress. It is a short descriptive poem attributed to Kalidasa, who, in India, stands foremost 'among the glorious company of the sons of song.'

He flourished in the half century immediately preceding the christian era. He was one of the sweet singers of Ujjaini, and the nine gems of the 'polished court of Vikramaditya, the munificent patron of Sanskrit literature.' This poem describes six Seasons of India in six several cantos. The first canto is entitled "Grishma" or Summer, the Second "Varshah" or the Rains, the third "Sarat" or Autumn, the fourth "Hemanta" or the dewy season, the fifth "Sisira" or the frosty season or winter, and the sixth "Vasanta" or spring.

In translating this I have followed Bâbû Bhuvan chandra Vasaka's edition published in Calcutta in the year 1869, with a commentary styled "Chandrika" by Pandita Manirâma Sarmâ,

and edited by Pandita Damaru Ballabha Panta.

My thanks are due to the commentators whose gloss was most useful to me in course of the translation.

The prevailing metre of the first canto is the *Vañsastha*, of the second the *Indra-Vansa*, of the third the *Vasantatilaka*, of the fourth the *Upajati* of the fifth and the sixth the *Upendra vajra*.

To my best knowledge this book has not yet been translated into either English or Hindi. Only the three cantos, viz Summer, the Rains, and the autumn have been freely translated by Mr. Griffith the officiting Director of Public Instruction N. W. Provinces. This is the first time it appears before the public in a Hindi garb.

In no case have I ventured to omit difficult passages which came in my way, but have attempted to render them faithfully and systematically and I trust for the most part not without success.

The metre I have adapted is the *Dohâ*—a short, lively, and easy measure of thirteen *Mâtrâs* in the first foot, eleven in the second, thirteen again in the third, and eleven again in the fourth As—

---

२ १ १ १ १ १ १ २ १ २ = १२

१ "सीस मुकुट कटि काछिनी-

१ १ १ १ २ १ १ २ १ = ११

२ कर मुरली उर माल।

१ १ २ १ १ २ १ १ १ २ = १२

३ यह बानिक मो मन बसो

१ २ १ २ २ २ १ = ११

४ सदा विहारी लाल॥"

Vihâri, an ancieut Hindi poet at the court of Maháràja Jaya Siñha Sabaî of Jayapur was one of the best poets of the Hindi language. He highly esteemed the *Doha* and composed in it his great work the " Sringâra-Sapta–Sati, " which is unrivalled in its " Harmonious alliteration " and liveliness. This poem contains seven hundred *Dohas* describing the loves of Krishna, and Râdhâ, and of Krishna and the *Gopis* or milk-made.

This Krishna is said to have been the sweetest of Singers, and to have ravished the *Gopis* with the melody of his flute.

I cannot refrain from subjoining the following passages, quoted at random from the Vihari to brlng to the notice of my readers the beauty of this celebrated poem. They will kindly excuse the length of my quotations.

"कहति नटति रीझति खिझति

मिलति खिलति लजियाति।

भरे भौंन में कहति है नैनहीं सव वात ॥
कंजनयनि रंजनि किये वैठी व्यौरति वार ।
कच अंगुरिन विच डीठ दै निरषति नन्दकुमार ॥
ढरे ढारतेहीं ढरत दूजी ढार ढरैं न ।
कैहू आनन आनसों नैना लागत हैं न ॥
जस अपजस देखत नहीं देखत सांवल गात ।
कहा करौं लालच भरे चपल नैन चलि जात ॥
लाज लगाम न मानहीं नैना मोवस नाहिं ।
ये मुखजोर तुरङ्गलौ षीचतिहीं चलि जाहिं ॥
इन दुखियां अखियांनको सुख सिरजोई नाहिं ।
देखे वने न देखते विन देखे अकुलाहिं ॥
को जानै ह्वै है कहा व्रज उपजी अति आग ।
मन लागे नैना लगैं चलै नैन मग लाग ॥

दृग उरझत टूटत कुटुम
जुरत चतुरचितप्रीति ।
परत गांठ दुरजन हिये
दई नई यह रीति ॥

हौ हिय रहत हई छई नई जुगति जिय जोय ।
डीठिहिं डीठि लगे दई देह दूवरी होय ॥

क्यौं वसिये क्यौं निवहिये नेह नीति पुर नाहिं।
लगा लगी लोचन करैं नाहक मन वंधि जाहिं॥

डरन डरै नींदन परै
हरै न काल विकाय।
दिन छनदाछाकीरहत
छुटत नछिनछविछाक॥"

The translation of the above *Dóhas* of Vihari in Sanskrit-Dohas by Pundit Parmanando Bhatta, a living Sanskrit poet—is also added in the following extracts. The poet is now at the court of Râjâ Ranjora Sinha of Ajayagarh, a branch of the Panna family in Bun- delkhanda. I am personally acquainted with him. He was, for his labors of years in translating this famous poem, awarded by Pandit * Harischandra the sum of Rupees Five hundred.

Pandit Harish chandra is well known to the Indian public as a Hindi poet and Dramatist of Benares. The trnslation runs thus.

"प्रवदति न वदति परि-
वदति परिरम्भणं ददाति।
जनसमच्चमपि सा दृशा
बहुभावान् विदधाति॥

---

* Known as "Babu."

कृत्वा मज्जनमङ्गनाकुन्तलविघटितमिषेण ।
पश्यति हरिमङ्गुलिविवरगतचञ्चलनयनेन ॥
येन यथा यस्मिन् यथा गता ततस्तेनैति ।
नदीनयनधाराऽधुना सा विश्रामं नैति ॥

पश्यति कीर्त्तिमकीर्त्ति-
मपि नहि दृग्युगमिदमेव ।
पश्यति कमनीयं सदा
श्यामं वरं तदेव ॥

लज्जाकर्षणरश्मिभिः कृष्टं चपलमुपैति ।
हरियुगमिव लोचनयुगं कथमपि वश्यं नैति ॥
सख्यनयोरतिदीनयोर्दुःखं दृशोरिहास्ति ।
पश्यन्तौ न वितृप्यतो नापश्यतोः सुखमस्ति ॥
किमद्भुतं जातं व्रजे विरहानलच्छलेन ।
हृदि लग्ने नयनद्वयं गच्छति तदनुबलेन ॥

मिलति दृशोरिह दृग्युगं ।
सहचरिकुलं जहाति ॥

ग्रन्थिर्दुर्जनमानसे प्रीतिरद्भुता भाति ।
प्रीतिपथं नूतनतमं दृष्ट्वाहं चकिताति ॥
दृशि दृष्ट्या ललिते तनौ दौर्वल्यं प्रतिभाति ।

नवं प्रीतिपत्तनमिदं निर्णीति प्रतिभाति ॥
यत्र दृगपराधे सुधा मनोवन्धनं याति ।
न निद्रासि न बिभेषि सखि नायैतिच समयेन ॥
तद्द्‌पासवमदोऽहो ! अहोरात्रमदनेन ॥"

In rendering the second canto of the *Ritu-Sanhâra* I have adapted a long and descriptive *chhanda*. The last Canto, viz : the Spring has been almost wholly translated into the *Drutavilambita* metre. It may be scanned thus.

I I I ऽ I I ऽ I I ऽ I ऽ
मृग म । दा दिन । को बड़ । लेख है ।

I I I ऽ I I ऽ I I ऽ I ऽ
कमल । के सम । को मल । पेष है ।

I have also written an original invocation at the commencement, followed by poetical description of my birthplace and its boundaries. In doing so, I have adapted a beautiful and imaginative *chhanda* called the *Kundalika*. It is chiefly used in depicting the beauties of nature. The *Kandalika* begins with the *Doha*, the fifth *charana* of which must be a repetition of the fourth, in order to necessitate alliteration or *Yamaka*.

The last two syllables are required to be the same as at the commencement. The famous poem of Giridhari is entirely written in this metre.

I have nothing further to say than, that my friends will kindly read this without seeking for defects and shortcomings in the translation. Some few will, no doubt, animadvert upon incidental defects in the translation, or in the translitera-tion of words, while others may commend the sweetness of the versification.

To all such I must be allowed to say: 'One word as to the manner in which I have endeavour-ed to perform my task :—though there is much I think, that might be struck out with advantage to the poem this I have in no instance ventured to do, my aim having been to give the *Hindi* reader as faithful a cast of the original as my own power and the nature of things would permit, and, without attempting to give word for word, or line for line, to produce upon the imagination impressions similar to those which one who studies the work in Sanskrit would experience. So that now, in the words of the manager in the Prelude to the Hero and the Nymph "I have only to request the audience that they will listen to this work of *Kalidasa* with attention and kindness, in consideration of its subject and respect for the author."

Benares:
Wards, Institution, } JAGAN MOHANA SINHA.
October, 1875.

Postscriptum.

My acknowledgements are due to Pandita Mahadeva Chanbe, nephew of Pandita Gulzar Chanbe of Ben ares, for his kindly revising the proof-sheets with me as they passed through the press.

J. M. Sinha.

॥ श्री ॥

श्री३ पण्डित मङ्गलप्रसादमणि त्रिपाठी !

प्यारे !

देखो यह वसन्त ऋतु ऋतुराज है न—

बहुत लोग आमके मौर और वसन्ती फूले हुये फूलों के गुच्छों को लेकर तुमको मिलने आवैंगे तो मैं भी यह "ऋतुसंहार" रूपी ऋतुमाला बनाकर लाया हूं० अंगीकार करो।

"पर प्यारे ! बहुत सम्हालके यह माला पहिरना— टूट न जाय, क्योंकि सूत कच्चा है और कलियां ताजी और कोमल हैं इस्से कुम्हिलाने का भी भय है"।

औरो इसका पारितोषक यही दो कि इसको अंगीकार कर अपने नेही को मत भूलो।

फागुन, १८३२ }
काशी }

जो केवल तुम्हारे—
जगमोहन सिंह हैं।

॥ ऋतुसंहार ॥

॥ वन्दना ॥ छंद ॥

जय जय जगदाधार जगतगुरु जय व्रजमंडन ।
जय जय त्रिभुवन नाथ जयति जय खल वल खंडन ।
जय दानव कुल गंजन जय जन मन रंजन ।
जय जय खंजन नयन जयति जय भव भय भंजन ।
जय गावति श्रुति गुन गाथ जै रमानाथ असरन सरन ।
जय जय अनादि कारन करन जय जगमोहन दुखहरन॥ १॥

जम्बूद्वीप प्रशंसा ।

भुव मधि जम्बूदीप दीप सम अति छवि छायो ।
तामे भारत खंड मनहु विधि आपु बनायो ।
तासुमे अतिरम्य अरजावर्त्त मनोहर ।
सकल कर्म्मको भूमि धर्म्मरत जहंके नरवर ।
मनु वालमीक व्यासादिसे पूजनीय जहंके अमित ।
भे मनुज अबौ जगके सबै मानत जिनकी आन नित ॥ २
जंहं हरि लिय अवतार रामकृष्णादि रूप धरि ।
जंहं विक्रम वलि भोज धरम नृप गे कीरति करि ।

जंह की विद्या पाय भये जगके नर सिच्छित ।
जंह के दाता सदा करत पूरन मन इच्छित ।
जंह गंगासी पावन नदी हिमसी ऊचो शैलवर ।
जंह रत्न खानि अगनित लसत मानहु मनिमय सकल धर ॥ ३

दोहा

तामें खंड बुदेलको सोहत सब मन हारि ।
जंह के छत्रिन की विदित सब जगमे तरवारि ॥ ४
तामें नगर नवल विजय राघव गढ़ विख्यात ।
महांनदी के तट बसत धन जनसो अवदात ॥ ५

कुण्डलिया

वहत झपावन ओर कठनी मिल तरल तरंग ।
किहं जुआ कैंमोरसे जंह गिरि अतिहिं उतंग ।
जहं गिरि अतिहिं उतंग लसत शृंगन मन भाए ।
जिनपै बहु मृग चरहिं मिष्ट तृन नीर लुभाए ।
सघन वृच्छ तरुलता मिले गह्वर धर उलहत ।
जिनमे सूरज किरन पत्र रंध्रन नहिं निवहत ॥ ६
डोलत जहं इत उत बहुत सारस हंस चकोर ।
कूजत कोकिल तरु तरुन नाचत जहं तहं मोर ।
नाचत जहं तहं मोर रोर तमचोर मचावत ।
गावत जिततित चक्रवाक विहरत पारावत ।
भन जगमोहन सिंह सारिका सुक बहु बोलत ।
बक जलकुक्कुट कारंडव जहं प्रमुदित डोलत ॥ ७

याही मग ह्वैके गए दंडक वन श्रीराम ।
तासों पावन देस यह विंध्याटवी ललाम ।
विंध्याटवी ललाम फूल फलसों अतिछाई ।
कुरवक केतकि कुमुद कमल केवरन सुहाई ।
भन जगमोहन सिंह न सोभा जात सराही ।
अतिहीं वन रमनीय गए रघुवर मग याही ॥ ८
साल ताल हिंतालवर सोभित तरुन तमाल ।
नव कदम्ब पुनि निम्ब बहु विलसत अम्ब विसाल।
विलसत अम्ब विसाल इंगुदी अरु आमलकी ।
सरीं सिंसिपा सीसमकी सोभा सुभ झलकी ।
भन जगमोहन सिंह हगन प्रिय लगत प्रियाला ।
वर जामुन कचनार सुपीपर परम विसाला ॥ ९
राजत आपु जहां विजयराघवजू महराज ।
वाम भाग श्री जानकी साजे सोलह साज ।
साजे सोलह साज लसति सुन्दरि वैदेही ।
दच्छिन लछिमन भ्रात रामके परम सनेही ।
भन जगमोहन सिंह मदन सोभा लखि लाजत ।
ऐसे मम कुल इष्टदेव जहं सदा विराजत ॥ १०
जयति सच्चिदानंद घन सब सुख सोभा धाम ।
परं ब्रह्म पावन विजय राघव जय श्रीराम ।
राघव जय श्रीराम जयति दिनमनिकुल भूषन ।
जय जित समर विराध स्वर्न मृग खल खरदूषन ।

जय रावन तम चन्द्र अयोध्या जन क्षत निरभय।
सुग्रीवादिक सेव्य जानकी श्रीराघव जय॥ ११
तिन श्रीराघव बाहुबल निरभय सब नर लोग।
बसत विजय राघव गढ़हिं सदा सुखी गत सोग।
सदा सुखी गत सोग रोग बिनु भोग विभूषित।
वर्णाश्रम मे निष्ठ इष्ट रत सिष्ट अदूषित।
जगमोहन सब भौन भरे हीरा मनि मोतिन।
लखियत सब पुर सुखी जगत जग मग जन जोतिन॥ १२
रेवा जा दच्छिन बहत विमल नीर शिवरूप।
देस गोड़वानो लसत सुन्दर परम अनूप।
परम अनूपम जबलपूर जाको रजधानो।
तीरथ गौरीकुण्ड पास अति निरमल पानो।
जंहं प्रगटत बहु बानलिंग ह्वैकैं शिवदेवा।
तट पै कीर चकोर मोर कलहंस परेवा॥ १३॥
जाके दच्छिन जबलपुर रेवा जहं विख्यात।
विमल सलिल तहं बहत है फटिक शिला सम भात।
फटिक शिला सम भात विमल जल सोहत कैसे।
शशि मृगांक की मूर्त्ति विम्ब पूरन छवि जैसे।
कूजत कोकिल आदि विहंगम सारस ताके।
चक्रवाक जहं लसैं कूलके विटपन जाके॥ १४॥
पूरब से पच्छिम बहै है अपूर्व गति धार।
विंध्याचल पग धोवती शारंग अंग सित धार।

सारंग अंग सित धार "धुआं धारहिं" सो झरना।
अति उतंग सों गिरि नीर जिमि मोती परना।
'बंदरकूद' जहं नाव सकत नहिं जा तहं उरव।
सुभ विहंग को उपल उपल मिलि जाको पूरव॥ १५
ऐसो देस न और कहुं जहं रूआसी नारि।
चकित मृगी सम नैन जिन्ह कटि केहरि सुकुमारि।
कटि केहरि सुकुमारि पकी बिम्बा सम अधरन।
बीच बीजुरी चमकि दसन पुरुषन मन सिहरन।
भन जगमोहन सिंह यथोचित देखो तैसो।
निज नयनन के माहिं हई है देस जु ऐसो॥ १६
वर मैहर उत्तर दिशा ऐसो देस सुदेस।
विलसत सैलन मध्य है दुख को नहि तंह लेस।
दुख को नहि तहं लेस सैल श्रीदेवी मन्दर।
कृष्णचन्द्र के भक्त नृपति रघुवीर सिंह वर।
मेरे अति प्रिय बन्धु अहैं भूपाल न्यायधर।
नास्तिक को तो दीन छीन 'नहि अल्ला अकबर'॥ १७
दानी रीवा राज जहं जाके चहुं दिस सैल।
पूर्व विजयराघव गढहिं सरिता जल नहिं मैल।
सरिता जल नहिं मैल सैल सत नदियां बहतीं।
कृष्णचन्द्रको धाम वाम छवि कोटिन कहतीं।
जगत विदित है खंड बघेल हिं को रजधानी।
रवि सम अतुल प्रताप रहैं बलि सम जहं दानी॥ १८

बलि सम जहं दानी रहैं भूपति श्रीरघुराज।
दुखी दरिद्री कोउ नहिं कीरति विपुल विराज।
कीरति विपुल विराज वृन्द वटुके जहं सोहत।
वेदवीन अरु यज्ञ मंत्र सों मुनि मन मोहत।
अन जगमोहन सिंह कूरहैं जदपि दुखद कलि।
ताहू पै महराज करत हैं दान यथा वलि॥ १९

सोहत पन्ना पच्छिमहिं हीरन की जहं खान।
पगपगपै मानिक मिलहिं अलका पुरी समान।
अलका पुरी समान शैल चंहुं दिस ते छाजैं।
नीर भरे नगतीर विहंग जहं अगनित राजैं।
स्वच्छ मच्छ जुत ताल माल उपवन मन मोहत।
सुमन सुमन पै भृंग कीर कोकिल जहं सोहत॥ २०

जाए कूप तड़ाग जल कमल विमल चहुं ओर।
हंस सारिका मधुर सुर मोर रीर जहं घोर।
मोर रोर जहं घोर हंस सारस बन राजैं।
वाल विटप मन्दार जहां फल फूल सुसाजैं।
वापिन मरकत शिला वज्र सोपान बनाए।
हेम कमल के मुकुल नाल वैदूर्य सजाए॥ २१

आतप गत इक शिखर है सोहत क्रीड़ा शैल।
इन्द्रनील मनि खचित है हरित मनिन जुट गैल।
हरित मनिन जुट गैल हेम कदली ग्रह सोहैं।
कुरबक आहत लता माधवी मंडप मोहैं।

एक ओर जहं लाल अशोकहिं की चल पादप ।
दूजे केशर कुसुम सुरभि जहं नहिं है आतप ॥२२

कल मधुपन जुत वाम पद वामाकी तत्काल ।
दूजो मदिरा वदन की करत कामना हाल ।
करत कामना हाल लसति इमि पन्ना नगरी ।
जिमि कुवेर की पुरी विस्व अधरन की सिगरीं ।
षट रितु हैं जहं प्राप्त निरन्तर होंहिं फूल फल ।
मनसिज को जहं नाम रटै दिन रात भृंग कल ॥ २३
ऐसी सुन्दर पुरीमे राजै जुगल किशोर ।
झांकी झांकी ओर नहिं खञ्जन नाचै मोर ।
खञ्जन नाचै मोर भौर कल कीर सुहाए ।
अति विचित्र छवि होत विहंगम वैठि लुभाए।
भन जगमोहन सिंह सरद चंदा छवि जैसी ।
छटा अटा की छुवै घटा छवि छिनमहिं ऐसी ॥ २४
जहां विजय राघव पुरी रही फूलसी फूल ।
चहु दिसि खड़हर लखत अव लखत होत हिय सूल ।
लखत होय हिय सूल भूमि मिलि गईं अटारीं ।
प्रभुके विनु सव गिरी परी हैं शाला भारीं ।
अस्त अद्रिपै अर्क यथा हो गए मगन तहं ।
उग्र अनिल सों भिन्न मेघ रवि विचरहिं थकिहं जहं ॥२५
वारीं नूपुर कल करैं घोर निशाके काल ।
पीतम हित उतरहीं संकेतहिं मे वाल ।

संकेतहिं मे वाल गए वे दिन अब भारी ।
मुख मे उलका लए फिरति हैं कुशिवा कारी ।
इत उत आमिष हेतु राज पथ उजर निहारी ।
सूत्र झूल सम होय छिप्रे मे बहुवहु वारी ॥ २६
कानन वापिन को सलिल ललना संग हरषात ।
रहो धीर ध्वनि सो वदत करत रहो जब बात ।
करत रही जब बात मृदंगहिं की तुलना सम ।
रोवत है यह काल होत हत वन महिषन काम ।
तुंग शृंगसो नीर विदारन करत सहानन ।
काल आय अवहाल करत हैं पुरको कानन ॥ २७

सोरठा

क्रीड़ाके सब मोर उलकानल महिं जरि गए ।
नृत्य करैं नहिं सोर गत मृदंगको रोर है ॥ २८
वन मयूर को नाम पायो क्रीड़ा मोर नहिं ।
नचैं न छज्जन धाम वास निवासहिं को नहीं ॥ २९

कुण्डलिया

जंह रामा सोपान पै चरन राग रंग धार ।
तहां सिंह अब रुधिर धर वैठत मारित मार ।
वैठत मारित मार सिंह नख लगी सुलोहू ।
लपटे श्याम भुजंग थंभ महिं चहुं दिसि सोहू ।
जिनमे आकृति जुवति जनन की सो है जहं तहं ।
कुच पट केंचुरि होत अहो हा कुरंग हिं को जहं ॥३०

कुंजर सुन्दर कंजवन जात रहे निज काज।
देत रहीं करिनी करिन कमल मृनाल सलाज।
कमल मृनाल सलाज भई अब कथा सुपूरी।
सिंह नखांकुश घात भिन्न कुम्भस्थल भूरी।
भन जगमोहन सिंह परे ते हा! अति लुंजर।
रक्त सलिल सम बहत कुम्भसे रोवत कुंजर॥ ३१

कालाक्रम से ओर बहुं जमे गेहपे आज।
इते उते तृन सूखिके यही कालकी साज।
यही कालकी साज जाल कृमितन्तु सुलागी।
धुवां बहिर नहिं निकर सके निशिनायक भागे।
भन जगमोहन सिंह यही है पुरकी हाला।
हालालय अब मिले भूमिसे आवो काला॥ ३२

॥अथ ग्रीष्मवर्णनम्॥

[१ सर्ग]

सोरठा

वन्दि चरन गन नाथ ऋतुवर्नन मैं करतहों।
कीजिय मोंहिं सनाथ बुधि विद्या दायक वरद॥ १
आयो ग्रीषम काल सुनो प्रिये! रमनीक अति।
सींचत जल वेहाल सब कोज अब ह्वै गए॥ २

दोहा

दिन दिनकर परिताप अति निशा निशाकर जोत।
संध्या काम अनावती सब उर काम उदोत॥ ३
निशा निशाकर विगत तम जल मंदिर मनिधाम।
शुचि सीतल चंदन सरस पुरवत जन मन काम॥ ४
सुन्दर वासित हर्म्यतल जंहां विराजति वाम।
मकरध्वज दीपन करत सुन्दर जोत ललाम॥ ५
गीतहिं गाय रिझावतीं ऐसी सुन्दरि बाल।
पहिर दुकूल नितम्बपर रुचिर मेखला जाल॥ ६
सरस सुभग मलयज उरज सोहत है मनिहार।
लटकी ले कच कुचनपै सोभा देत अपार॥ ७
कच भामिनि अस्नान करि सींचे सुघड सुवास।
सरस परस मेटत सबै ग्रीषमकी जड़ त्रास॥ ८
रंगराते कामिनि चरन नूपुर जुत कलवैन।
हंस गमनि भामिनि रवति उपजावति मन मैन॥ ९

कुंडलिया

चंदन कुच विच रचित है तिन विच सोहत हार ।
कटि किंकिन कलधौत की केहरि कटि विच मार ।
केहरि कटि विच मार नैन अंजन सिर वेनी ।
खंजन गंजन नैन नैन जिन मदन नसैनी ।
श्री जगमोहन सिंह कठिन नैननके फंदन ।
किहिं विधि छूटैं नैन मैन को ऐन सुचंदन ॥ १०

सोरठा

विदित संधिमें अम्बु घन दुकूलको छोड़के ।
सेत वसन जिमि कम्बु ग्रीषम को सो मध्य है ॥ ११

दोहा

चंदन जललेपित व्यजन करत अनिल सुकुमारि ।
पुनि पुनि गावति राग है लै वीना करतारि ॥ १२
मनहुं जगावति मदन को सुप्त मैनके वान ।
छूटि विसिष जाही लगैं छूटि जात है ध्यान ॥ १३
सुंदर संत अटालिका जहं सोईं हैं वाम ।
चंद्रविलोकत रैन सब मुख ह्वै जात ललाम ॥ १४
चलत पवन अतिवेग है धूर उड़ै अकाश ।
अति प्रचण्ड है सूर्य्यको अचला पर परकाश ॥ १५
प्रिय वियोग से दग्ध मन दरस मही नहीं होत ।
वाताकर्षन से चढ़त रैनु सूर्य्यको जोत ॥ १६

सोरठा

तालु गए हैं सूख मृग धावत हैं तोयको।
रवि को चंड मयूख विरह वरोसी उरवरै ॥ १७

दोहा

ध्यान करे निज पतिन को श्री सम सुन्दरि वाम।
मदन हृदय दीपन करै रोमरोम रंग काम ॥ १८
तपित भई है पंथरज अति व्याकुल हैं नाग।
मोरन के नीचे गिरे सकत न भषवल भाग ॥ १९
अति प्यासे हैं जंतु सब करत न कोऊ कर्म्म।
सांस लेत है सिंह गज ऐसो ग्रीषम धर्म्म ॥ २०

सोरठा

व्यापो ग्रीषम घाम सिंह खांय नहि गजन को।
छोड़े हैं सब धाम कोऊ करैं न वैर अब ॥ २१

दोहा

गजन सिंहसे भय करत तापित भानु मयूख।
जल अभिलाषी जन्तु सब सूखे कंठ पियूख ॥ २२
तापित सब सविता किरन मलिन वदन सब मोर।
निकट परे जे सर्प है करत न भच्छन सोर। २३
सूखे कर्दम तालके सुस्त रहे जे सेष।
माल वराहनकी तहां खोज खात अलेष ॥ २४
पंक रहित तालान मे भोगी है अरु भेक।
भेक कूद भोगिनके वैठे सीस अनेक ॥ २५

सूखे वनके कमल सब मरि मरि गए सब मीन ।
कर पयान सारस चले देख ताल जल हीन ॥ २६

सोरठा

बचो सेष जो पंक हस्ती मर्दन करत हैं ।
करिनी लेतीं अंक अपने प्रिय हस्तीन को ॥ २७
फेन सहित है लोल वक्त्र वन्य महिषीनके ।
सुख नहि जिनको भील सलिल कल्पके निकारतीं ॥ २८

कुण्डलिया

वन उपवन जंहं तंहं अहो देखे उपजै भीत ।
दिनकर कोप प्रकाशहीं विगलित वन त्रन रीत ।
विगलित वन त्रन रीत पर्न सूखे मरमरहीं ।
धावै चहुं दिशि अनिलज्वाल विटपन पटपरहीं ।
द्रुम साखन पर वैठ विहंगम जरे सु उपलन ।
लेंय सांस कपिकुंज मांहिं कूटें उपवन वन ॥ २९

दोहा

भ्रमन करत हैं जन्तु सब गवय आदि अरु सिंह ।
रच्यो समय ग्रीषम जहां श्री जगमोहन सिंह ॥ ३०
शरभ पच्छिके वृन्द जहं अम्बु कूप से लेत ।
है अजिह्म ते विहंग सब अति विचित्र अरु सेत ॥ ३१
जिमि सिंदूरकी भास है तिमि पावक की रंग ।
विटपलतन से निकसकै करत दिसन से जंग ॥ ३२

सोरठा

अग्नि वृद्धि जब होय फूटैं बनके बांस सब ।
जात सकल तृन छोय व्याकुल मृगके वृंद अति ॥ ३३
भस्म होत हैं वृक्ष जरत चंड अति शालमलि ।
दूजे भामिनि अक्ष जारत है यह बदन को ॥ ३४
गज अरु गवय मृगेन्द्र अति व्याकुल हैं वह्नि से ।
छोटे बड़े नरेन्द्र प्रीतम सम संग फिरत हैं ॥ ३५
सकल जन्तु बन छोड़ सरितातटकी भोगवन ।
बन सों सुखको मोड़ छाया अरु जल जीव गिन ॥ ३६
हर्म्य पृष्ठ पर अम्बु भरवावे एक कुंड मे ।
जथा फटिक शशिकम्बु अरु कंजनकी बिटप जंहं ॥ ३७
करै जु ऐसी जुक्ति अरु प्रमदन की गीत जंहं ।
पावै आतुर मुक्ति भूतल भजि ईश्वर चरन ॥ ३८

दोहा

श्री जगमोहन सिंहने वरन्यो ग्रीषम धर्म्म ।
सुमिर ईशके ईशको होय पूर्न सब कर्म्म ॥ ३९

॥ इति ग्रीष्मवर्णनन्नाम प्रथमः सर्गः समाप्तः ॥

॥ अथ वर्षावर्णनम् ॥

[२ सर्ग]

सोरठा

श्रीहरिजू को ध्याय वर्षाको आरम्भ सुभ।
भनौं ईस उर ल्याय मंगल मंगल चहुं दिशा ॥ १

दोहा

अहो प्रिये ! सुनु वचन मम आयो वर्षाकाल।
कामुक जनको सुखद अति लसै सजल घन माल ॥ २
अम्भोधर शीकर सहित जिमि कुंजर अति गर्व।
तड़ित्पताका इव लसति मर्द्दल रव सम खर्व ॥ ३
अशनि शब्दको करत है घन गर्जत अति घोर। ४
घटा छटा शोभित अटा वन वन नाचत मोर ॥ ४
जैसे छिति पति नागपर तिमि यह वर्षाकाल।
आवै प्रति सम्वत सुखद मोदक वाला माल ॥ ५
नीलोत्पलकी कान्ति सम कहूं कुचन सम स्याम।
अंजन सम घन लसत कहुं दूर भयो अव घाम ॥ ६
चातक सब व्याकुल रटैं प्यास२ चहुं ओर।
जल जाचत हैं जलद से दीर्घ करत हैं सोर ॥ ७

चोपाई

उए धनुष गरजत घन भारी। छाइ रहत दिनहूं अंधियारी
अशनि शब्द जिमि मर्द्दल होई। इन्द्रचाप देखै सब कोई॥८

दोहा

आखंडलकी चाप जब प्रकटै वर्षाकाल।
त्या धन्वाको चंचला वर्षै जल वेहाल ॥ ९

जलकी धारा गिरत है जिमि सायक की धार।
विरही पथिकन के हिए वेधत बारहिं बार ॥ १०
हरित वरन तृन मिल मही वासव गोप समेति।
रतन जटित जुवती सरिस सब विधि सोभा देति ॥ ११

सोरठा

वनमे नाचत मोर चुम्बन आलिंगन सहित
करत सुहावन सोर मोर जूथ विचरत मगन ॥ १२

दोहा

वहत जात मल जल जहां द्रुमहिं उपारत जात।
जिमि इक दुष्टा कामिनी कुलसे अति अकुलात ॥ १३
सरिता नीर प्रयात है दीर्घ पयोनिधि ओर।
धन्वासे जिमि वान है लखत न कोऊ कोर ॥ १४
ठाढ़ी हरिनी वनहिं मे हरित तृनको खांय।
कोमल दल अंकुर सहित वन मनको हरषाय ॥ १५
चकित नेत्र वारिज सरिस मृगसिकताको भूमि।
तिन विच ठाढ़े मोजसे चरत विपुल तृन भूमि ॥ १६

छंद

वारवारहिं करत शब्दहि तमकि तरजत घन घने।
शर्वरी अति भई कारी परति देखिन मग वने।
देखि परति न गैल जंह तंह प्रभा विजुरी परति है।
कान्त अर्थी नारि यह छन पीय घर पग धरति है ॥ १७
सुनत घनकी घोर गर्जन कियो जिन अपराध है।
आलिंग्य चुम्बति घोर घन डर वढ़ति प्रीति अगाध है।

कापि नारी कमल नयनी करति रोदन खेद से।
वहत आंसू बिम्ब अधरन विकल विरह विभेदसे॥ १८
फेंकि भूषन अंग सूखन लगो अब पियरान है।
सोच प्रीतम दूर देसो लगो जो अकुलान है।
वहत सरिता नीर हरिता उदक नूतन चलत है।
कोट रजके सहित त्नकि सर्पतो जिमि हलत है॥ १९
मोर नाचै मुदित कानन पंख को थहरायके।
मूढ़ मधुप विहाय कुसुमन गिरत है घुमरायके।
मान पंखड़ि सहज वनजहिं गिरत ज्ञानहिं वेंचके।
कला ग्रथि जिमि विरहि देखै भूमि आंसुन सींचके॥ २०
जात वैठत उड़त पुनि पुनि भृङ्ग सिर मातङ्गके।
चुवत मस्तक द्विपनके से भरे सिर आनङ्गके।
करत सोरहिं वारवारहिं मोर भूधर सोहहीं।
करै नृत्यहिं नाचनाचहिं सवहिं को मन मोहहीं॥ २१
लगे वनमें कदम अर्जुन केतकी पुनि सोहतीं।
अम्बुके कन लगे विटपन पुरुषको मन मोहतीं।
पहिर माला कुसुम केशर करैं प्रीतिहिं कामिनी।
पयोधर विचमाल डारैं करैं रति यो भामिनी॥ २२
हरै चित्तहिं चंचला घन हरै चित्त सहेतरे।
कामिनी मिल हरैं मनको ए सवै हर लेतरे।
करैं धारन गूथके पुनि कदम केशर केतकी।
करै धारन कर्नमें पुनि ककुभ कलित खेतकी॥ २३

लेप करके अङ्गमे पुनि अगर अरु कस्तूरिका।
मेघ गर्जन श्रवन करके सेज पर आतूरिका।
जात प्रमदा पीयके घर वारति रति छल छन्द से।
दूरदेशी मित्रसे पुनि मिलत है आनन्दसे ॥ २४
पथिक जनकी वधूको फिर चित्तती हल जात है।
नील उत्पल कुवलसे मृदु पवन तो चल जात है।
हरत मनको विरहिनीके मेघ अरु औचाप है।
करति रतिको केलिके संग डरत नहि पुनि साप है ॥२५
सिंचत जलसे पूर सुमनन वनहिं के तो अंत हैं।
पवन केतकि अरु कादम से मन्द मन्द वहंत है ॥ २६

बकुल मुकुल माला, मालती पुष्पशाला।
चतुर चतुर श्यामा सोहहीं जूथ भामा।
कलित अति रसाला धारहीं सीस बाला।
नव कदम ललामा धारहीं कर्न बामा ॥ २७

दोहा

उन्नत स्तनके मध्यमे खेलै सुन्दर हार।
सेत वसन कटि भागमे सोभा अधिक अपार ॥ २८
सिञ्चित नव जल कननसे रोमाञ्चित तत्काल।
रजकेतकी सुगन्धसे परदेशी बेहाल ॥ २९
सुरत कठिन से ग्रीषमे विंध्य अचल पै होय।
जब वर्षा तोयद करै खेद विगत तब होय ॥ ३०

यह बहुगुन रमनीय है कामिनिको चितहार।
तरु विटपन को बन्धु पुनि बर्षा रहित विकार ॥ ३१

पुनि यह कामीजन सुखद मोदक वाला माल।
सब इच्छा पूरन करै मुदा विरह के साल ॥ ३२

श्रीजगमोहन सिंहने वर्षा वर्नन कीन्ह।
रक्षावन्धन के दिवस गुरु रज माथे दीन्ह ॥ ३३

॥ इति वर्षावर्णनन्नाम द्वितीयः सर्गः समाप्तः ॥

॥ अथ शरद्वर्णनम् ॥

[३ सर्ग]

सोरठा ।

शरद नाम इक नारि रूप रम्य कमनीय अति ।
काशांशुक को धारि लसति विकच वारिज वदन ॥ १

दोहा

उन्मादित जे हंस हैं तिनको रव जिमि होय ।
नाद रम्य नूपुरन को पकौशालि सम जोय ॥ २
मही काशसों शुक्ल है अरु रजनी हैं चन्द ।
सरितन के जलहंस से सर सब कैरव कान्द ॥ ३
सप्तच्छद अरु मालती कुसुम आदि सब जान ।
उपवन के जे अंत हैं श्वेत रंग हो मान ॥ ४
रसना गुण सरितानको चञ्चल शफरी जोय ।
हार मरालन पुलिन में ऐसी सोभा होय ॥ ५
मन्द२ इमि वहति हैं प्रमदा सम नदि नीर ।
बिम्ब नितम्बहिं जानिए नदियन को नव तीर ॥ ६
व्योम राज सम रजत हैं चारु चम्मर से जुक्त ।
पद्मनाल अरु शङ्ख सो पवन अम्बु से सुक्त ॥ ७
भिन्नांजनकी कान्ति सम विलसत है आकाश ।
अरुण भूमि बंधूक सम कमलन मे परकाश ॥ ८
उत्कण्ठित अरु मोदजुत सब को मन हो जाय ।
सब प्रकारको पुष्प यह सरद काल विलसांय ॥ ९

सोरठा

चलै अनिल अति मन्द चारु अग्र शाखा सुभग।
मत्त भ्रमर मकरन्द करै पान मधु मुदित मन॥ १०

दोहा

मृदु पल्लव अरु पुष्पचय रहे चहुं दिसि छाय।
चित्त विदारत हैं सही कोविदार हरषाय॥ ११
तारागन सम भूषनन धारहिं बाला वृन्द।
मेघ रोधसे मुक्त शशि तिमि राजत मुख चन्द॥ १२
शुक्ल पच्छके चन्द्रसम प्रति दिन बाढ़ति जोति।
प्रमदा इव रजनी रुचिर दिन दिन दूनी होति॥ १३
कारण्डव आनन लसै जिमि बींचिन को माल।
सारस अरु कलहंस से तीर देश बेहाल॥ १४
हंस विरुत अरु कमल रज जनको मन हर लेत।
सुखद सुभग सुन्दर सरस प्रीति चतुर चित देत॥ १५
अंग २ दाहत खरो क्रूर कलानिधि आज।
पतिवियोगसे नहिं सजत चन्द्रहार के साज॥ १६
नैनन को उत्सव करत हैं कामिनि चित चोर।
शिशिर वारिकन परत हैं ऐसो चंदा घोर॥ १७
पङ्कज को वन लसत हैं चहुं दिसि अति अनुरूप।
सुमन भार अतिनत अमित शाली जाल अनूप॥ १८
कामी जन को मन चलत प्रति छन बारंबार।
धीर समीरन जोग से चञ्चल चित असम्हार॥

अति सहसा सब सरकरे मन उत्कंठित आज ।
हंस और नभ पवन सम ए सरदहिं को साज ॥ २०
बलभिद्को धनु नष्ट है दृष्ट नहीं अब होय ।
चपला की चमकन नहीं जलदोदर मे जोय ॥ २१
मेघन की गर्जन नहीं तर्जन को नहिं सोर ।
ऊंचो मुखकर गगन मे नाचे वन नहिं मोर ॥ २२
मैन मोरको छोड़के आयो हंसन पास ।
कदम कुटज अर्ज्जुनन की श्रीनि कीन्ही हास ॥ २३
सप्तच्छद के पासते आई सोभा आज ।
कुसुम वनहिं मे आनके विकसो सहित समाज ॥ २४
उपवन जनके मनन की वेगहि ती हर लेय ।
निर्गुण्डी अरु सृगी जन लैके फिर नहिं देय ॥ २५
कुमुद पद्म * के जोगसे वहती धीर समीर ।
तुहिन अम्बुके मेलसे अति सीतल तासीर ॥ २६
ऐसी सीतल पवन जब बहै प्रभातहिं काल ।
उत्सुक जनके मनहिं मे करैं मैन वेहाल ॥ २७
चहुं दिसि छादित भूमि है शालि निचय से आज ।
गोकुल जंह तंह सोहते मोद करावे काज ॥ २८
हंसन के कुल तीर पै सोभा देत अपार ।
सारस सरितंन सोहतीं सरद काल मे सार ॥ २९

---

* पद्म अर्थात् कह्लार पद्म ।

चन्द्र कान्ति सम लसति है सोभा देत अनूप
अम्भोरुह सम वालमुख अति सुललित है रूप ॥ ३०
नीलोत्पल सम नैन हैं चितवन जिनको लोल।
मैन कला सों पूर है चाल हंस अनमोल ॥ ३१
श्याम लता अरु कुसुम की है अतिही सय भार।
जुवतिन की सोभा हरै भुज भूषन असम्हार ॥ ३२
सोभ। रदनन की अधिक चन्द्रकान्ति समहोय।
अति सोहत है मालती और मालिका जोय ॥ ३३
घन सम कुञ्चित केशहीं धारैं वनिता फूल।
सुमन मनोहर मालती कामुक जनकी सूल ॥३४
कर्नन मे पुनि धारहीं प्रवर फूल अरु नाल।
कञ्चन कलित सुविविध रंग प्रीति हिए मे साल ॥३५
चन्दन रस से जुक्त वर हार धरैं गल वाल।
कुच मण्डल के मध्यमे सोहत सुखद रसाल ॥ ३६
विपुल श्रोणि तटमे करैं रसनाको सिंगार।
पादाम्बुज नूपुर सुघड़ जन मन कारागार ॥ ३७

सोरठा

फूले है सब फूल सोहैं नरपति हंस अब।
मरकत मनि अनुकूल जलद विगत नभ सजत है ॥ ३८

दोहा

जलद इन्द्र अब विगत हैं दिशा मनोहर होंयं।
श्याम पङ्क धरिणी भई विमल अकाशहि जोय ॥ ३९

होय प्रभाकर जब उदय फूले पङ्कज वृन्द।
अस्त भए विकसत कुमुद लखि निशिनाथ अकान्द ॥ ४०
भ्रमजुत चित हो जात है देख बनहि को आज।
कमलन को नैना कहै ऐसो बांधे साज ॥ ४१
शरद नायिका जात है अति उन्मदके साथ।
जाव प्रिये ! मंगल करो मो संग मिलवो हाथ ॥ ४२
जिमि ए षट् रितु नित्य है चिरजीवैं मो मित्र।
परम अनंदोमे रहैं मो मन जिनको चित्र ॥ ४३
सबके पीछे मोर हित करैं ईश सब सिद्धि।
मित्रनके चहुं दिशन मे रच्छा करैं सुरिद्धि ।। ४४

सोरठा।

जगमोहन हरि आज भनैं सरद बर्नन सुभग।
होय पूर्न सब काज श्री परमेश्वरकी कृपा ।। ४५

॥ इति शरद्वर्णनन्नाम तृतीयः सर्गः समाप्तः ॥

॥ अथ हेमन्तवर्णनम् ॥

[४ सर्ग]

सोरठा

गमन शरदने कीन्ह आई रितु हेमन्त अब ।
संजोगिनि सुख दीन्ह हरगो प्रान बिरहीनको ॥ १

चहुं दिसि सोहै धान हरियारी लह लहत है ।
कंज भए अति म्लान लोध्र फूल फूले बनहिं ॥ २

कुंद इंदु सम गोर कुच पै सोहत हारवर ।
अब नहिं नाचैं मोर सोहैं मदमाती जुवति ॥ ३

दोहा

हाथन मे प्रिय पहिरहीं अति सुंदर केयूर ।
नव दुकूल कटिदेस पै कुच बिच मोती मूर ॥ ४

पद सरोजमे धारहीं नूपुर बड़े विचित्र ।
ऐसो सुभ सिंगार कर भामिनि भजै सुमित्र ॥ ५

सुरति सुखद के कारनहिं करैं सिंगार अनूप ।
कालीयक के वदन में लेपैं होय सुरूप ॥ ६

सुन्दर गोल कपोलन न अरु मुख अम्बुज माहिं ।
लिखे लेख कस्तूरिको अपने मन हरषाहिं ॥ ७

रतिके श्रमसे अंग कृश जुवतिनकी तत्काल।
अधरन मे क्षत देखके हसैं नहीं वेहाल ॥ ८

उरूको सोभा पायके पीन पयोधर आज।
मर्दनके अति दुक्खसे रोवै सीत समाज ॥ ९

चहुं दिसि सोहत धान है तिन विच सोहैं वाम।
मृग जूथन की जंह तहां क्रौंच निनाद सकाम ॥ १०

सोरटा

नीलोत्पल चहुं ओर कोटि काम छवि लसति है।
करैं कादम बहु सोर चित्तनको हर लेत है ॥ ११

दोहा

प्रिय प्रियंगु पाकै सुभग हिम तुषारके जोग।
पीत यथा मदलासिनी प्रियकान्ताके भोग ॥ १२

पुष्पासवके सम कहैं गन्ध मोदसे जुक्त।
मुख अति सुन्दर रसिक जन कबहुं करैं नहिं मुक्त ॥ १३

अधरन को छद देखके कुच ऊपर नखछेद।
नव योवना वधूनको प्रकटत रस रति भेद ॥ १४

बालातप मे बैठके दर्पनको ले हाथ।
कोउ वनिता निरखती अधरानन दोउ साथ ॥ १५

कोउ वनिता घाम से निशा खिन्नके हेतु।
अलकनिको विथरायके सोवैं जिमि मदकेतु ॥ १६

कोउ वनिता केश निज घन सम साजतिं आज ।
माल फूलको फेंकके धारै भूषन साज ॥ १७
प्रिय से पीड़ित गातकी सोभा देख अनूप ।
कोउ रमनी मदमहिमगन धारै चोल सुरूप ॥ १८
जाके कुंचित नैनमें दृग उरझैं छिनमांहि ।
नील ललित अलकानकी छटा चुभैं मनमांहिं ॥ १९
कोउ रंजति अंजनहिं अपने नैनन माहिं ।
रतनारे कारे करे दुखमारे उरझाहिं ॥ २०
भई विगत हेमन्त अब बहु गुनसे रमनीय ।
क्रौंच शालिमय सोहती मनहारी कमनीय ॥ २१
श्रीजगमोहन सिंहने ऋतु हेमन्त विचित्र ।
वर्नन कीन्हों सहज मे होय सुखी मो मित्र ॥ २२

॥ इति हेमन्तवर्णनन्नाम चतुर्थः सर्गः ॥

॥ अथ शिशिरवर्णनम् ॥

[५ सर्ग]

दोहा

प्यारी प्यारे शिशिरको वर्नन सुन तत्काल।
हे वरोरु ! जंहं तंहं सजत क्रौंच विहंग विशाल ॥ १

वातायन मन्दिरनके रोके आज समाज।
मदमाती जुवतिननको कठिन शिशिरके काज ॥ २

धारै पुनि अति घन वसन और भानुकी भान।
जन सेवै इनहोनको फेर कान नहिं आन ॥ ३

चित्त रमैं नहिं चन्द्रमा हर्म्य रमैं नहिं और।
शीतल पवन तुषारकी तजै पुरुष इक ठौर ॥ ४

बहुत शीतके कारनहिं अरु शशाङ्कके शीत।
रजनी अति शिशिरा भई घर न्योते सब मीत ॥ ५

कालागुरुके धूपसे वासित शाला रंग।
आसव सुख जुवती लसैं पैठें संग अनंग ॥ ६

सुघड़ समद प्रमदागनन कियो कछू अपराध।
भूलै मदजन देखके मन हुलसै रति साध ॥ ७

रतिके भ्रमसे छीन मन फिरैं मंद गति प्रात।
नव योवन जुवती लसैं जिनको हिय हुलसात ॥ ८

हिम आगम मे कंचुकी रेसमकी कुच साज।
कुसुम फूल सिर सोहहीं चंदमुखी के आज ॥ ९

सोवैं सीत विसारिके कामी कामिनि साथ।
जायं शिशिर अतिवेगहीं जात मिलावैं हाथ ॥ १०

मद वर्द्धक मदको पिये जीमें निकसै वास।
कमल मनोहर, कामि जन रहैं कामिनी आस ॥ ११

शयन वासको त्यागके नारि दूसरे जांय।
अंग देख अपनो हंसैं प्रियतम मिल हरषांय ॥ १२

कोश पासमें गन्धहीं लेपें कामिनि आज।
निशा जागरन काज से मैली है सब साज ॥ १३

गलित कुसुमकी मालहै सिगरी लाज मलीन।
उठैं विलस परभात मैं सब सोभासे हीन ॥ १४

सजनी श्री सम सोह हीं कनक कमल सम आज।
कमल नैन विम्बा अधर अतिहिं मनोहर साज ॥ १५

जघन भारसे मंद गति कुचनहुं को अति भार।
निशा वेषको छाड़के दिवस वेषको धार ॥ १६

कुचमें नख क्षत अधरमें दन्तछतको देखि।
आनन अपनों साजतीं सूर्योदयको पेखि ॥ १७

ऊख, शालि, रमनीय हैं गुड़ विकार पुनि जानि।
विरहिन को दुख देत है शिशिर समय यह मानि ॥ १८

ऐसो सुन्दर काल यह मंगल हमको देय।
सब प्रेमिन सुख देयके दुख हमसों लेलेय ॥ १९

श्री जगमोहन सिंह रचि उत्तम दोहा छन्द।
शिशिर धर्म्म बर्नन करो सुमिर ईश सुखकंद ॥ २०

॥ इति शिशिरवर्णनन्नाम पञ्चमः सर्गः समाप्तः ॥

———

॥ अथ वसन्तवर्णनम् ॥

[६ सर्ग]

द्रुतविलम्बित

सुमन मंजरि अम्बसु सोहहीं।
चहुदिसा मनको मथि मोहहीं ॥ १
जिमि सुसायक तीछन दारते।
मदन बाननसों हिय मारते ॥ २
धनुषको गुनसी अलि माल है।
रितु वसन्तहिं को यह साल है ॥ ३
पहुंचके बिलसै यह हे प्रिये!।
सुरत मे जन वेधत हैं हिये ॥ ४
सुमन के संग पादप हैं हरे।
कमल हैं जल वीचिन मे परे ॥ ५

मदन के मय कामिनि सोहतीं ।
पवन गंधित ह्वै मन मोहतीं ॥ ६

सुखद हैं रजनी सुख है प्रिये ! ।
दिवस तो रमनीय लसैं श्रिये ॥ ७

यह प्रकारहिं चारु सुहावनी ।
प्रियतमे ! तुमसी रितु भावनी ॥ ८

सुजल सोहत वापिन आज हैं ।
सुमनि मेखलही कटिसाज हैं ॥ ९

सुगन्धि पादपके सम सोहतीं ।
मद भरीं प्रमदा मंग जोहतीं ॥ १०

कुसुम सौरभके द्रुम सोहहीं ।
चहुं दिसा सुरभी मय मोहहीं ॥ ११

यह प्रकारहिं को ऋतुराज है ।
सुमन मैन सरासन साज है ॥ १२

दोहा

कुसुम* रागसे अरुन सुभ वसन लसति कटि मांहिं ।
विमल विलासिनिके कुचन लाल वस्त्र सटि जांहिं ॥ १३

---

* कुसुम वा कुसुम्भ ।

सोरठा

कर्निकारके फूल धारै वनिता कानमें ।
विरही हिरदै सूल फिर अशोक अलकनिलसै ॥ १४

दोहा

नई मल्लिका सुमन सुभ सोभा देयं अपार ।
समद कामिनिनके वदन आज लसत है मार ॥ १५

द्रुतविलम्बित

मृगमदादिनको बहु लेप है ।
कमलके सल कोमल पेप है ॥१६
कुचनके बिच सोहत जाल है ।
विरहिको यह मन्मथ जाल है ॥ १७
वदन औ मुखपै जलबुन्द हैं ।
सहज मोतिन झालर कुन्द हैं ॥ १८
सिथिल बंधन हैं सब गातके ।
मदन व्याकुल हैं अंग तातके ॥ १९

दोहा

मद अलसे से अंग हैं पतरे सतेर आज ।
पीरे परे वियोगसे यह रितुराज समाज ॥ २०

वार २ जम्हवायके टीरैं अपनो अंग।
करै काम अंगनन को अंग सलीन अनंग। २१
मदिरा सम आलस विहित है उन लोचन तार।
तामैं लोचन लखतहैं मोचन लोल अपार।। २२
पीरे गाल लखात हैं कुच मसकै कसकाहिं।
सोहत विच अति नम्र है पीन जघन दरसाहिं॥ २३
अंग दहंत वसंत को है यह प्रकृति समाज।
वहु अनंग कामिननके दरस परत है आज। २४
आलस मारे अंग है वैन नैन अवसाहिं।
कुटिल कटाच्छन मूंदिकै जम्हुआई जम्हुआहिं॥ २५
कालीयक कुंकुम प्रियंगु साजै निज २ अंग।
मद आलस वर अंगना चंदन मृगमद संग॥ २६
मदसरसे वेधित विरहि गुरु दुकूलको छोड़।
धारैं वसन सुसंदली यह वसन्त को जोड़॥ २७
नूत जूसको पानकर कोकिल कुहुकै आज।
वार२ वोलैं सरस प्रियमुख चूमन काज॥ २८
अम्बुज वैठे गूंजते मधुलिट मधुरे वैन।
चाटुप्रियाको आतुरहिं जिनके नैन समैन॥ २९
सोहैं पल्लव ताम्रसे सुमन सहित रुचिसाख।
तह रसाल को कंपत है पवन डुलै वनपाख॥ ३
विद्रुम सम पल्लव लसै यह वसन्तके काल।
सब असोक के विटप प्रिय मनहिं सोकसो साल॥ ३१

चारु पुष्प चुम्बत मधुप बहुत वहत नहिं वात।
मंद सुगंधित चलतहै रसिक कान्त हरषात॥ ३२
कौन पथिक जो थकित नहिं देखि मोहनी रूप।
कथन करत थकर रहत गिरत कामरस कूप॥ ३३
लसति मेदिनी मधुसमय जिमि सुन्दरिवरनारि।
दीपसिखा अरु कुसुम सम लाल सुमृदु पट धारि॥ ३४
शुक मुख छवि सम किंसुकन कान जराओ नेक?
कनयरने कानहि हरी मनहर कोकिल टेक॥ ३५
उन्माद कोकिल संग मिल लजवावै ततकाल।
मदमानिनको जूथ हू यह वसन्तकी हाल॥ ३६
मनमोहन अति वहत है वात हरत मन आज।
चहूं दिसा विस्तारकर यह रितुराज समाज॥ ३७
कुंद सुमन सम हसन जिमि तिमि हैं उपवन बाग।
ज्ञानी मुनिके मनहिं को करवावत है त्याग॥ ३८
हेम रसन अरु माल हिय सोहत भामिनि अंग।
छीन दर्प कंदर्प सों लहि वसंत को संग॥ ३९
मधुके मासहिं सरसमे कोकिल माधुरि नाद।
भृंग सहित रामा हरहिं मनहिं वसंत प्रसाद॥ ४०
रजनी सुख अति ललित है चन्द्र प्रभा फैलात।
नरकोकिलको विरत अरु पवन सुवास जनात॥ ४१
मत्त अलिनको जूथ जहं निशा सुमधुको पान।
जे कुसुमायुधके कहे रसके अयनहिं मान॥ ४२

दिनमे जन इच्छा करैं पादप छाया सार।
निशिमे शशिकी अंशुको अति सीतल सुकुमार ॥ ४३
रात जात है शयनको सोभित अपनी ऐन।
आलिंगत निजवामको मूंदि रसीले नैन ॥ ४४
भामिनि! तेरे सुखहिंको दाता होय वसन्त।
मलय पवन से जुक्त अरु कोकिल नाद रमन्त ॥ ४५
बहु प्रकार की सुरभि मधु उपजै जहं जिमि काल।
विविध मधुप जूथन सहित चिरजीवो रससाल ॥ ४६
पच्छ नेत्र शिव अंक शशि वार वुद्ध मधुमास।
चन्द्रपच्छकी दोज मे काशीपुरी निवास ॥ ४७
श्रीजगमोहन सिंहने "ऋतुसंहार" अनूप।
कालिदास कृत ग्रंथको भाषा रच्यो सुरूप ॥ ४८
प्रथम संस्कृत ने रच्यौ भाषा उलथा कीन्ह।
सुन्दर चित हर शब्द जुत सुहृदगनहिं सुख दीन्ह ॥ ४९
कहां ग्रंथ परबन्ध बहु कहां अल्प मति मोर।
जिमि डोड़ा सागर तरहिं जाको ओर न छोर ॥ ५०
जथा ग्रंथको पूर्नता भई शुक्ल की दोज।
तथा उदय मम मित्र को होय विना कछु खोज ॥ ५१

सोरठा

"प्रेम रसिक अलि गूंजि पिवै रसहि ताकी सुमति।
चैत शुक्ल तिथि दूजि चन्द कलासी नित बढ़ै" ॥ ५२

दोहा

ग्रंथ अंत अब होत है पढियो चतुर सुजान ।
पढियो पै यह चित्तदै बालक मोको मान ।। ५३
श्रीजगमोहन सिंह की विनय सुनहु चित लाय ।
भूल चूक जो होय कहुं लीजो सुजन बनाय ॥ ५४

।। इति वसन्तवर्णनन्नाम षष्ठः सर्गः समाप्तः ।।

॥ समाप्तश्च ऋतुसंहारः ॥